हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 मई 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

## दसवीं-बारहवीं में प्रदेश के 79 बच्चों ने किया टॉप, इसमें अविभाजित जिले से सिर्फ एक शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ मध्यामिक मंडल ने दसवीं एवं बारहवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए हैं। गुरुवार को जारी किए गए परिणाम में प्रदेश के कुल 79 बच्चों ने टॉप-टेन में अपनी जगह बनाई है। इनमें 59 बच्चे दसवीं एवं 20 बारहवीं की टॉप-टेन सूची में हैं। इन दोनों सूची को मिलाकर अविभाजित राजनांदगांव जिले की मात्र एक छात्रा ही शामिल है। छुरिया की वंशिका साहू ने दसवीं टॉप-टेन सूची में छठवां स्थान प्राप्त किया है। जबकि 39 हजार से अधिक बच्चों ने यह परीक्षा दी थी। उल्लेखनीय है कि एक मार्च से प्रदेशभर में दसवीं एवं बारहवीं की वार्षिक परीक्षाएं आयोजित की गई थी। इस परीक्षा से पहले शिक्षा विभाग ने भी बच्चों की बेहतर तैयारी के लिए कई कार्यक्रम चलाए जाने की बात कही थी, लेकिन शिक्षा विभाग का पूरा प्रयास केवल कागजों में ही नजर आ रहा है, क्योंकि इसका असर परिणाम पर दिखाई नहीं दे रहा है। यही कारण है कि प्रदेशभर से जहां 79 बच्चों ने दसवीं-बारहवीं की टॉप-10 सूची में जगह बनाई। उसमें राजनांदगांव जिले से केवल एक विद्यार्थी ही शामिल हैं। जबकि सालभर बोर्ड परीक्षा का परिणाम सुधारने के नाम पर विभाग कई कार्यक्रम चलाता है।

### छुरिया आत्मानंद स्कूल में पढ़ने वाली वंशिका साहू ने दसवीं में हासिल किया 6वां स्थान

#### परिणाम आते ही घर में मना उत्साह

इधर दसवीं परीक्षा में प्रदेशभर में छठवां स्थान प्राप्त करने वाली छुरिया निवासी वंशिका साहू का पूरा परिवार परिणाम आते ही उत्साह से भर उठा। वंशिका साहू छुरिया की स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शाला की विद्यार्थी है। उन्होंने दसवीं परीक्षा में कुल 600 अंक में से 587 अंक प्राप्त कर 97.83 प्रतिशत के साथ प्रदेशभर में छठवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं अविभाजित राजनांदगांव जिले में वंशिका शीर्ष पर रही।



#### 39 हजार बच्चों ने दी परीक्षा

अविभाजित राजनांदगांव जिले में कुल 39176 बच्चों ने दसवीं एक बारहवीं की बोर्ड परीक्षा दी थी। इनमें बारहवीं के 17090 परीक्षार्थी और दसवीं कक्षा के 22086 बच्चे शामिल हैं। इनकी 178 केंद्रों में एक मार्च से 23 मार्च के बीच वार्षिक परीक्षा ली गई थी। इनमें केवल एक परीक्षार्थी ने ही प्रदेश की मेरिट सूची में अपना स्थान बनाया है।

# लड़कों से आगे रही लड़कियां, दसवीं में 76 और बारहवीं में 82 फीसदी परीक्षार्थी उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

माशिमं द्वारा ली गई दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा का वार्षिक परिणाम जारी कर दिया गया है। राजनांदगांव जिले में दसवीं कक्षा में कुल 76.76 फीसदी बच्चे पास हुए हैं। वहीं बारहवीं में 83.57 प्रतिशत परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। पिछले बार से दोनों ही कक्षाओं का परिणाम सुधरा है। दसवीं में छुरिया ब्लॉक की वंशिका साहू ने प्रदेश में छठवां और जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। बारहवीं में भेड़ीकला के नरेंद्र कुमार और शहर के मोरध्वज देवांगन ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

खैरागढ़ जिले में बारहवीं कक्षा के 81.85 फीसदी और दसवीं कक्षा में 72 फीसदी बच्चे परीक्षा में पास हुए हैं। खैरागढ़ जिले में बारहवीं कक्षा में - के - ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ऐसे ही मोहला-मानपुर जिले में बारहवीं कक्षा में 92.75 फीसदी और दसवीं कक्षा में 93.22 बच्चे पास हुए हैं। वनांचल जिले में बारहवीं में आराधना निषाद ने प्रथम एवं दसवीं कक्षा में मोनिलिका रजक ने पहला स्थान प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही बुधवार को माशिमं ने गुरुवार दोपहर ‍दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणाम जारी करने की सूचना दी थी। साढ़े 12 बजे परिणाम घोषित होते ही बच्चों ने अपना परिणाम जानने के लिए ऑनलाईन सर्चिंग शुरू कर दी थी। शुरूआती मिनटों में इस वजह से सर्वर थोड़ा धीमा भी रहा। इधर सीजीबीएसई ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से स्टुडेंट्स अपनी समस्या के समाधान के लिए रविवार को छोड़कर सप्ताह के अन्य दिन सुबह 10.30 से 1.30 और दोपहर 2 से 5.30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। शिक्षा विभाग ने भी सभी सफल बच्चो को बधाई दी है।

#### राजनांदगांव जिले में 12वीं का दसवीं से बेहतर रहा परीक्षा परिणाम

जिले में दसवीं कक्षा में कुल 12836 विद्यार्थी शामिल हुए थे, इनमें 9763 बच्चें पास हुए है। 827 पुरक और 2128 बच्चे फेल हुए है। 71.85 फीसदी बालक और 80.78 कन्या पास हुए है। ऐसे ही बारवहीं कक्षा में कुल 10118 बच्चें शामिल हुए थे, जिनमें 8408 विद्यार्थी पास हुए है। इनमें 80.11 बालक और 86.24 छात्राएं पास हुई है। 890 पुरक और 763 विद्यार्थी फेल हुए है। दसवीं में वंशीका साहू और 12वीं में मोरध्वज देवांगन व नरेंद्र कुमार प्रथम स्थान पर रहे।



#### करा पाएंगे दोबारा कॉपी चेक

छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा 10वीं-12वीं के परिणाम सीजीबीएसई के अधिकारिक वेबसाइट्स से चेक कर सकते हैं, जिन स्टुडेंट्स के बोर्ड परीक्षा में अगर कम नंबर मिले तो वह निराश न हों, उन्हें दोबारा अपनी कापी चेक या स्कूटनी करा सकते हैं। इसके बाद उन स्टुडेंट्स की नए सिरे से कापी चेक होगी और अगर उन्हें कम नंबर मिले हैं तो उनको सही नंबर मिल जाएंगे। इसके साथ ही अनुत्तीर्ण छात्र परिणाम जारी होने के तुरंत बाद बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली सुधार परीक्षा के लिए आवेदन कर सकेंगे।

#### पिछले साल का परिणाम

पिछले साल 2023 की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में जिले से तीन विद्यार्थियों ने टॉप-टेन में जगह बनाई थी। इनमें दसवीं में एक और बारहवीं में दो विद्यार्थी शामिल थे। 2023 में जिले में दसवीं कक्षा के 75.45 प्रतिशत परीक्षार्थी एवं बारहवीं में 81.97 फीसदी बच्चों ने परीक्षा पास की है। पिछले साल 2023 में 10वीं की मेरिट सूची में कुल 21 बच्चों ने जगह बनाई थी। वहीं 12वीं की टॉप-टेन लिस्ट में 23 बच्चे शामिल रहे हैं।

### एमएमसी जिले में 93% बच्चे परीक्षा में पास, सुधरा प्रदर्शन

**मोहला।** बोर्ड परीक्षा परिणाम में वनांचल जिला मोहला-मानपुर -चौकी का पूर्व वर्षों की तुलना में उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं में मोहला 94.75 %, मानपुर 93.08%, अंबागढ़ चौकी 91.34% एवं जिले का 92.75% रहा है। कक्षा 12वीं में मोहला 94.77%, मानपुर 92.50%, अंबागढ़ चौकी 92.64% तथा जिले का 93.22% रहा। जिले में दर्जनों स्कूलों का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत आया है। वहीं पूर्व वर्षों की तुलना में जिले का बोर्ड परीक्षा परिणाम में बढ़ोतरी हुई है। जिले के 10 वीं में कुल 1321 व 12 में 1042 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में जगह बनाये है। अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य को बधाई प्रेषित की है तथा अनुत्तीर्ण और पूरक छात्र-छात्राओं व पालकों से अपील की है कि वह बेहतर तैयारी करके आगे अपना परीक्षा परिणाम सुधार करें।

### 10वीं में चुम्मनलाल और 12वीं में धनिका प्रथम

**खैरागढ़।** माशिमं द्वारा दसवी बारहवी बोर्ड परीक्षा के घोषित नतीजो में खैरागढ़ जिले के 81.85 प्रतिशत ने बारहवी और 72 प्रतिशत परीक्षार्थियो ने दसवी बोर्ड की परीक्षा पास की है। जारी नतीजो अनुसार बारहवी की टॉप टेन की सूची मे 94.20 प्रतिशत अंको के साथ ठेलकाडीह सरकारी स्कूल की धनिका पिता होरी लाल निषाद पहले स्थान पर रही। दसवी बोर्ड परीक्षा मे जिले की टॉप टेन सूची मे चुम्मनलाल पिता नारद राम आत्मानंद स्कूल जालबांधा 97 प्रतिशत पहले स्थान पर रहें। जिले में पिछले साल के मुकाबले परिणाम सुधरा है। जिले में टॉप टेन की सूची में अधिकांश बच्चें सरकारी स्कूल के ही रहे, जिनमें भी आत्मानंद स्कूल के बच्चों की संख्या है।

#### डॉक्टर बनना चाहती है वंशिका

### शिक्षकों और पालक को दिया सफलता का श्रेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में स्वामी आत्मानंद विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा दसवीं की होनहार छात्रा वंशिका साहू ने प्रदेश की टॉप-टेन सूची में छठवां स्थान प्राप्त किया। वहीं तीनों जिलों में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि पर छात्रा एवं परिजनों को लोगों से बधाईयां मिल रही है।

छुरिया की स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल की दसवीं की छात्रा वंशिका साहू पिता तोरण साहू ने प्रदेश में छठवां स्थान प्राप्त किया है। उक्त परीक्षा में वंशिका को 97.83 फीसदी अंक मिला है। वहीं तीनों जिलों में प्रथम स्थान पर रही है। उनकी इस सफलता से विद्यालय एवं जिला गौरवान्वित हुआ है। स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य धनेश सिन्हा एवं शिक्षकों ने छात्रा को बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

#### माता-पिता व शिक्षकों को श्रेय

कक्षा दसवीं में प्रदेश में छठवां एवं जिले में प्रथम स्थान पर रही वंशिका ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरूजनों एवं परिजनों को देते डॉक्टर बनने की इच्छा जाहिर की है। हालेकोसा निवासी उनके पिता तोरण साहू ने कहा कि शुरू से ही वंशिका पढ़ाई में मेधावी एवं होनहार थी। उन्हें पूर्ण विश्वास था कि वह टॉप-टेन में सफलता अर्जित करेंगी।




0 **राजनांदगांव।** मई माह में मौसम में तेजी के साथ उतार चढ़ाव की स्थिति निर्मित है। भीषण गर्मी के बाद विगत दो दिनों से हल्की बारिश एवं आसमान में बदली से लोगों ने गर्मी से राहत पाई है।

#### माय एंगल









## खबर संक्षेप



### महाराणा प्रताप को किया नमन

**घुमका।** ग्राम में राजपूत क्षत्रिय समाज ने महाराणा प्रताप जयंती मनाया। मुख्य अतिथि सरपंच फूलमती जय कुमार वर्मा थी। अध्यक्षता जयकरण सिंह चंदेल ने की। इस अवसर पर महाराणा चौक में स्थित महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच वर्मा ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए वीरता का बखान किया। कार्यक्रम में इंद्रपाल सिंह, नवनीत सिंह चंदेल, भागवत सिंह बघेल, बलदाऊ सिंह, पीयूष दुबे, देवानंद ठाकुर, तेज कुमार सिंह, नरेन्द्र सिंह ठाकुर, आयुष्मान सिंह, बाबूलाल वर्मा, पी राघव, राकेश वर्मा आदि शामिल हुए।

### शुल्क जमा करने नोटिस जारी



**डोंगरगढ़।** नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत विभिन्न एजेसियों ने होर्डिंग लगाया है, जिसका बकाया नवीनीकरण शुल्क जमा नहीं किया गया है। एजेंसियों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर नवीनकरण शुल्क जमा करने आदेशित किया गया है। राशि जमा नहीं करने पर पालिका द्वारा हटाने की कार्यवाही की जाएगी इस दौरान टूट- फूट एवं क्षति होने पर वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। पालिका से मिली जानकारी के अनुसार नवीनीकरण शुल्क जमा नहीं करने वाले एजेंसियों में जेवी ग्रुप डोंगरगढ़ 1 लाख 19 हजार, अरमित सिंह भाटिया डोंगरगढ़ 36 हजार, श्याम एजेंसी डोंगरगढ़. 54 हजार, विनायक एडवरटाईजिंग रायपुर 1 लाख 2 हजार एवं व्यापक इंटरप्राईजेस रायपुर पर 72 हजार लेना बकाया है।

### आवेदन आमंत्रित

**मोहला।** जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पेंदाकोड़ो विकासखंड मोहला में सत्र 2024-25 कक्षा 6वीं में रिक्त 18 सीट बालिकाएं हेतु प्रवेश आवेदन पत्र आमंत्रित हैं। निम्नलिखित समूह की बालिकाओं को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय प्रवेश में प्राथमिकता दी जाएगी। शाला अप्रवेशी/शाला त्यागी बालिकाएं, पालक/अभिभावक नहीं होने के कारण शिक्षा से वंचित बालिकाएं, आर्थिक अथवा किसी अन्य कारण से आगे की पढ़ाई से वंचित होने की संभावना सहित अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि.व. एवं अल्पसंख्यक समुदाय की बालिकाएं को प्रवेश में प्राथमिकता दी जाएगी।

### पहले चार पायदान पर बीपीएस के विद्यार्थी, आत्मानंद स्कूल का परिणाम भी बेहतर

# 10वीं-12वीं के नतीजे देखकर बच्चे खुशी से उछले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

भारतीय पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र छात्राओं की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में धूम रही। विद्यार्थियों ने 10वीं में शहर में प्रथम से चार स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12वीं कृषि संकाय में शहर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य सुनील कुमार पाण्डेय ने बताया कि 10वीं की परीक्षा में 60 परीक्षार्थी शामिल हुए थे जिसमें से 53 उत्तीर्ण हुए। परिणाम 88.33 फीसदी रहा।प्रथम श्रेणी में 34, द्वितीय 12 एवं तृतीय श्रेणी में 7 उत्तीर्ण हुए। कक्षा में प्रथम वीणा साहू 95.83, द्वितीय स्नेहा राजपूत 95, तृतीय सिमरन नेताम 94.5, चतुर्थ प्राची देवांगन 94.3, पंचम स्थान पर कु.ज्योति साहू 92.5 प्रतिशत रही। कक्षा 12वीं में गणित संकाय में 11, कामर्स में 1,जीवविज्ञान में 45 एवं कृषि संकाय में 19 परीक्षार्थी थे। 74 परीक्षार्थी में 68 उत्तीर्ण हुए। परिणाम 91.89 प्रतिशत रहा। प्रथम श्रेणी में 33, द्वितीय 33 तृतीय श्रेणी में 2 उत्तीर्ण हुए। संयुक्त रूप से प्रथम संजना रामटेके 89.4, द्वितीय अनुष्ठा रानी साहू 87.8, तृतीय कुमेश्वर 83.2, चतुर्थ चैतन्य कुमार 82, पंचम स्थान पर आर्यन मेश्राम 81.6 प्रतिशत रहे। छात्र छात्राओं को अध्यक्ष शैलजा पाण्डेय, संतोष सागर शर्मा, गौरी बाई झाड़े, संतोष वैष्णव, उमाराजे राजपूत, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, पवन ठाकुर, बीरेन्द्र बोरकर, राजेन्द्र कुंवर, बिरेन्द्र राजपूत, पीएल बया, देवेन्द्र साहू, लूनकरण यादव, कोमल सेन, गुरूविंदर, कांता सेन, लाखन साहू, सरिता गोलछा, वीणा साहू, संजू उइके ने बधाई दी है।

### राईट गुरुकुल में दिव्यांशी प्रथम

राईट गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। प्राचार्य लोकेश्वर साहू ने बताया कि कक्षा 12 वीं में डॉली निषाद ने विज्ञान संकाय में प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय, भूमिका साहू तृतीय, महिमा देवांगन चतुर्थ, गरिमा पंचम, गणित संकाय में दुष्यंत प्रथम मोनिस द्वितीय स्थान पर रहा। कक्षा 10 वी अंग्रेजी माध्यम में दिव्यांशी मेश्राम प्रथम, कुणाल सरकार द्वितीय, श्रेयांस गंजीर तृतीय, 10 वी हिंदी माध्यम में पल्लवी निषाद प्रथम, तुषार सार्वा द्वितीय, आमान खाँ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिक्षक प्रशांत साहू, सुमित साहू, अमित नांदेश्वर, मनमोहन साहू, दीपक अत्री ने सभी को बधाई दी है।

### कामर्स संकाय के सारे छात्र कामयाब

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10 एवं 12 वीं के



परिणाम घोषित किए गए। प्राचार्य जयंत साहू ने बताया कि कक्षा दसवीं की परीक्षा में में 82 छात्र सम्मिलित हुए जिसमे प्रथम 61, द्वितीय 17, तृतीय श्रेणी में 1 उत्तीर्ण हुए। परिणाम 96.34 प्रतिशत रहा। दसवीं में प्रथम लुकिता साहू 94.33, द्वितीय खुशी देवांगन 92.66, तृतीय स्थान पर रीतू साहू, रोहन देवांगन और श्रेष्ठा जैन 92.33 प्रतिशत रहे। कक्षा बारहवीं विज्ञान संकाय से 42 छात्र सम्मिलित हुए जिसमे प्रथम 26, द्वितीय 14 के साथ कुल 40 बच्चे उत्तीर्ण हुए। परिणाम 95.23 प्रतिशत रहा। बारहवीं विज्ञान संकाय में प्रथम हर्ष वर्मा 82.8, द्वितीय लक्ष्य साहू 80.8 एवं तृतीय स्थान पर सृष्टि जैन 78.8 फीसदी रही। बारहवीं कॉमर्स संकाय के 21 छात्रों में प्रथम श्रेणी में 8, द्वितीय श्रेणी में 13 उत्तीर्ण हुए। परिणाम शत प्रतिशत रहा। कॉमर्स संकाय में प्रथम ऋषव जैन 87.2, द्वितीय रमेश राजपूत 85.4 एवं तृतीय स्थान पर करण देवांगन 84 प्रतिशत रहे। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय की कक्षा दसवीं में 55 छात्र परीक्षा में शामिल हुए जिसमें प्रथम 21, द्वितीय 17, तृतीय श्रेणी में 2 छात्र उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम 72.72 प्रतिशत रहा। शाला में प्रथम चांदनी 87, द्वितीय कोमलिका 84.66 एवं तृतीय स्थान पर हिमानी 83 प्रतिशत रही। इसी प्रकार बारहवीं कॉमर्स के 13 छात्रों में 12 उत्तीर्ण हुए। प्रथम 3, द्वितीय 7 एवं तृतीय श्रेणी में 2 छात्र पास हुए। परिणाम 92.30 प्रतिशत रहा। लक्ष्मी 71.50 प्रतिशत अंक के प्रथम तथा एकता 71 फीसदी अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रही। बारहवीं विज्ञान संकाय के 32 मे 21 सफल रहे। प्रथम 7 तथा द्वितीय श्रेणी में 15 छात्रों ने सफलता अर्जित किया। ममता 82 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम एवं गणेशी 81.9 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रही। कला संकाय से 39 छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुई थी जिसमें 23 उत्तीर्ण हुई। किरण 71 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम, तम्माना 68.6 अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रही।

### 12वीं में उर्वशी सबसे आगे रही



**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ अंग्रेजी माध्यम के परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहे। कक्षा 12वीं के 96 विद्यार्थियों में गणित संकाय में प्रथम उर्वषी ढीमर, द्वितीय शशांक रजक, तृतीय वत्सला परिहार, जीव विज्ञान संकाय में प्रथम सनोबर खान, द्वितीय मीता देवांगन, तृतीय विकास कुमार निर्मलकर तथा वाणिज्य संकाय में प्रथम कृतिका रंगारी, द्वितीय रोली गोलछा, तृतीय संगीता गुप्ता रही। इसी क्रम में कक्षा दसवीं के 79 विद्यार्थियों में से प्रथम याषिका तारम, द्वितीय भूमिका ढीमर एवं तृतीय स्थान पर लाची साहू, चेष्टा साहू रही। अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, सूर्यकांत चितलांग्या, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल, प्रभारी प्राचार्य अमित उत्तलवार, उप प्राचार्य वंदना डुंभरे, उप प्राचार्य रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी एवं श्री प्रणव दवे का मार्गदर्शन रहा। विद्यार्थियों की सफलता में अरविंद निषाद, पूनम सिंह, कविता रंजन, प्रताप सिंह चैहान, अर्चना श्रीवास्तव, सुकांता सरकार, रूचि तिवारी, सुनिल गुप्ता, संतु गुप्ता, आषीश सोनवानी, अविनाश देवांगन एवं आकांक्षा मानेक का योगदान रहा।

### सीजी पब्लिक स्कूल की छात्राएं छाई



माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा बारहवीं एवं दसवीं की परीक्षा के परिणाम नगर के सीजीपब्लिक स्कूल में उत्कृष्ट रहे। कक्षा दसवी अंग्रेजी माध्यम की परीक्षा में 27 विद्यार्थी शामिल हुए थे जिसमें 18 प्रथम, 7 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

प्राची मलगामे 93.16 प्रतिशत अंक प्राप्त प्रथम स्थान पर रही। तेजेश्वनी सिवना 92.83 प्रतिशत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बारहवी अंग्रेजी माध्यम की परीक्षा में शामिल 19 विद्यार्थी में 12 प्रथम, 3 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। गणित संकाय में मोहित भंडारी 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, डिकेश्वर

यादव 75.6 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर रहे। जीवविज्ञान संकाय में स्वाती जैन 76.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, गजिया कौशर 74 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर रही।

दसवी हिन्दी माध्यम की परीक्षा में शामिल 34 छात्र- छात्राओं में 19 प्रथम, 6 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। प्रीति साहू 92.83 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही। साक्षी वैष्णव 86.66 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर रही। बारहवी हिन्दी माध्यम के 59 छात्र-छात्राओं में 31 प्रथम एवं 11 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। गणित संकाय में कृष यादव, टिकेश कुमार अहीर 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, इच्छा रामटेके 81.6 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर रही। जीवविज्ञान संकाय में भूमिका बिंझाले 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, गुंजा शर्मा 84.6 प्रतिशत द्वितीय, कॉमर्स संकाय में बालेश्वर पड़ौटी 80.6 प्रतिशत अंक के साथ शाला में प्रथम, सृष्टि शर्मा 77.6 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर रही। सभी सफल छात्र छात्राओं को प्राचार्य एजाज अली हाशमी, रियाज अली हाशमी, शिक्षक पुनीतराम ठाकुर, सुकाल सिंग साहू, प्रकाश यादव, शर्मिला कुंवर, सुषमा सोनी, टेमलाल पटेल, अमन शर्मा, रमन पटेल, मो तैय्यब, कुमेश साहू, अनिल साहू ने बधाई दी है।

## सर्वेक्षण पर अतिथि व्याख्यान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय के भूगोल विभाग ने बुधवार को प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के मार्गदर्शन एवं भूगोल विभागाध्यक्ष हेमूराम पदमे एवं डॉ. नौशिन अंजुम के नेतृत्व में क्षेत्रीय सर्वेक्षण- समस्या, चुनौती एवं समाधान विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। व्याख्यान में विषय विशेषज्ञ के रूप में कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव के भूगोल विषय के प्राध्यापक डॉ. केके द्विवेदी शामिल हुए। डॉ. द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं को क्षेत्रीय सर्वेक्षण में आने वाली समस्या एवं उनके समाधान हेतु मार्गदर्शन दिया। सर्वेक्षण में स्थलाकृति मानचित्र का सही उपयोग, भौगोलिक स्थल आकृतियों का विवरण एवं उनकी शुद्धता से जांच तथा अध्ययन की गुणवत्ता को बनाए रखने हेतु कई सुझाव दिए। अंत में प्रभारी प्राचार्य डॉ. रेवती ने डॉ. द्विवेदी को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में दिव्या नामदेव, रितु पटेल, डूमेश्वर, किशन, मुकुल, विमला, तोमेश्वरी, लोमेश्वरी, सविता आदि उपस्थित थे। संचालन डॉ. नौशिन अंजुम एवं आभार प्रदर्शन श्री पदमे ने किया।

## महाराणा प्रताप के शौर्य को किया याद

**गंडई पंडरिया।** शौर्य के प्रतीक महाराणा प्रताप की 485 वी जयंती सामाजिकजनों ने धूमधाम से मनाया। सुबह सामाजिक जनों ने पूजा अर्चना कर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शाम को उपसमिति के पदाधिकारी, सदस्य, महिला मंडल एवं युवा मंडल की उपस्थिति में महाआरती का आयोजन किया गया। इस दौरान सामाजिक जनों ने उनके जीवन और योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान अध्यक्ष ठाकुर संजय सिंह, ठाकुर दिनेश सिंह, ठाकुर विष्णु सिंह, ठाकुर शिव सिंह, ठाकुर अजय सिंह, ठाकुर रणजीत सिंह, ठाकुर संतोष सिंह, ठाकुर सुरेशसिंह, ठाकुर राकेशसिंह, ठाकुर सुनील सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।



# धूमधाम से होगा गुड्डा-गुड़िया का विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

अक्षय तृतीया के मौके पर गुड्डा गुड़ियों का विवाह आयोजन किया जाता है। क्षेत्र के जीराटोला, बेलगांव चकनार सहित अन्य गांव में इसे उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस परंपरा को निभाते हुए सड़क अतरिया में भी गुड्डा गुड़ियों का विवाह रचाया जाता है। अक्षय तृतीया को लेकर यहां उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बीते कुछ साल से बच्चों की समिति बनी हुई है जिसे गुड्डा और गुडियां में बाटा गया है। गांव वालों को आमंत्रित करने के लिए चार दिन पहले ही निमंत्रण कार्ड वितरित किया गया है।



आयोजकों ने गुड्डा गुडिया का विवाह संपन्न कराने तीन दिवसीय आयोजन रखा है। पहले दिन बुधवार संध्या को चुलमाटी रखा गया। गाजे बाजे के साथ दैहान चौक से मिट्टी लेकर गुड्डा गुडिया के परिजन मंडप पहुंचे। गुरुवार को परम्परा अनुसार हल्दी, चिकट, मातृका पुजन, गीत संगीत का धुम धाम से आयोजन किया गया। वहीं कल शुक्रवार को बरात स्वागत, धरमटीका, सात फेरा एवं बिदाई कार्यक्रम रखा गया है। अक्षय तृतीया पर होने वाले इस आयोजन को लेकर बच्चे सहित परिजन भी काफी उत्साहित हैं।

कल रीति रिवाज के साथ गुड्डा गुडियां का विवाह कराया जाएगा। बच्चों की समिति में सांची जंघेल, प्रतिज्ञा यादव, जिविका यादव, माही नेताम, संतोषी निषाद, दिव्या यादव, पूर्वी यादव, काव्या यादव, कांक्षा जंघेल, आशी धुर्वे, भावेश, शेखर, यमन, प्रिंस, सुभाष, कान्हा, लक्की, आर्यन, नितिन, दिव्यांश, अध्यांश, हर्ष सामिल हैं।

## सोख्ता गड्ढा निर्माण में राशि का दुरुपयोग

**ठेलकाडीह।** ग्राम पंचायत बखत रेंगाकठेरा में स्वच्छ भारत मिशन में जमकर लापरवाही बरता जा रहा है। ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम डारागांव में कुछ माह 1 लाख की लागत से सोखता गड्ढा का निर्माण किया गया है। पिछले दिनों हुई बारिश ने निर्माण की पोल खोल दी है। निर्माण एजेंसी ने काफी घटिया निर्माण किया है। घटिया निर्माण के बाद अधिकारी आंख मूंद कर बैठे हैं।




पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082


## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के प्रतिभागीयों के नाम

**सांत्वना पुरस्कार** प्रमोद पटेल पिता/पति प्रभु राम पटेल, मटिया रोड डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव, भरत सिंह चौहान पिता/पति कँवल सिंह, बांधाबाजार जिला राजनांदगांव, चिंतामणी देवांगन पिता/पति रेखलाल देवांगन, मोहारा डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, जतिन भाई पटेल पिता/पति सुरेश भाई पटेल, जी. ई. रोड जिला राजनांदगांव, किशोर शिल्लेदार पिता/पति स्व. केशव राव शिल्लेदार, म न. 6 महेश नगर जिला राजनांदगांव, किशोर खंडेलवाल पिता/पति ग्यारसी लाल खंडेलवाल, बांधाबाजार जिला राजनांदगांव, चंद्रेश कुमार पिता/पति राजेंद्र प्रसाद चंद्राकर, अटल विहार कॉलोनी पेंड्री जिला राजनांदगांव, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल पिता/पति स्व. मदन लाल अग्रवाल, नरसिंह वार्ड 12 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव, अनिल कुमार साहू पिता/पति स्व. आर एल साहू, एक बती पांच रास्ता चौक डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव, राम वर्मा पिता/पति स्व. एन.एल. वर्मा, मातोश्री वार्ड न. २० आदर्श नगर डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, अशोक कुमार रजक पिता/पति रामसुख रजक, वार्ड न. 5 छुईखदान जिला राजनांदगांव, पूजा अग्रवाल पिता/पति अशोक कुमार अग्रवाल, सहदेव नगर राजनादगांव जिला राजनांदगांव, एकनाथ बजरंग पिता/पति श्री श्याम लाल बजरंग, कन्हार पूरी वार्ड न. ४ राजनादगांव जिला राजनांदगांव, शिव दयाल भारद्वाज पिता/पति भूखन लाल, शिव हेयर कटिंग सेलून, जिला राजनांदगांव, कीर्तन लाल श्रीवास पिता/पति देवी लाल श्रीवास, लखोली जिला राजनांदगांव, योगिता इन्दोरिया पिता/पति भागवत राम इन्दोरिया, अछोली जिला राजनांदगांव, रोहानी वैष्णव पिता/पति जी.डी. वैष्णव, डोंगरगढ़ वार्ड न. 10 सेवता पारा जिला राजनांदगांव, नोहरदास साहू पिता/पति घासीदास राम साहू, टेड़ेसरा जिला राजनांदगांव, प्रभात कुमार साहू पिता/पति सनद कुमार साहू, रिवागहन खुर्सीपार डोंगरगांव जिला राजनांदगांव, राजीव यादव पिता/पति स्व. भोला राम यादव, कौरिन भाटा बजरंग चौक जिला राजनांदगांव, वासुदेव साहू पिता/पति धनुष राम साहू, सोमनी जिला राजनांदगांव, टेकराम निर्मलकर पिता/पति स्व. फूलसिंह निर्मलकर, मटिया रोड डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव, अखिलेश श्रीवास्तव पिता/पति गणेश प्रसाद श्रीवास्तव, एक बती पांच रास्ता चौक डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, मदन लाल मेश्राम पिता/पति स्व. बुध राम मेश्राम, स्टेशन पारा वार्ड न. 12 जिला राजनांदगांव, मुकेश कुमार चावड़ा पिता/पति बृजलाल चावड़ा, चावड़ा मेडिकल स्टोर डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, योगेश कुमार पिता/पति परन दास, समता कॉलोनी पनेका चौक राजनादगांव, जिला राजनांदगांव, श्याम राज धुव पिता/पति रघू राम धुव, ठेठवार पारा वार्ड न.-२ डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, प्यारे लाल साहू पिता/पति बाबूलाल साहू, रामनगर मोतीपुर वार्ड न. -8 राजनादगांव, जिला राजनांदगांव, एस.आर.कन्नोजे पिता/पति वी.आर. कन्नोजे, क्लब चौक वार्ड न.43 बसन्तपुर, जिला राजनांदगांव, डॉ.सतीश चेलानी पिता/पति के.एन.चेलानी, लालबाग, जिला राजनांदगांव, प्रमिला साहू पिता/पति लाल सिंह साहू, नंदई रोड कुआं चौक, जिला राजनांदगांव, राम अंजोरी महतो पिता/पति लेड़गा राम महतो, कलेवा , नागलदाह, जिला राजनांदगांव, अविकल खोब्रागढ़े पिता/पति स्व. चन्दुर लाल खोब्रागढ़े, तुलसीपुर संगम चौक, जिला राजनांदगांव, जीवन लाल ध्रुव पिता/पति गोविन्द राम ध्रुव, तुलसी पुर राजनादगांव, जिला राजनांदगांव, पंकज कुमार सोंग पिता/पति जागेश्वर राम सोंग, लालूटोला, जिला राजनांदगांव, दिनिता शर्मा पिता/पति राजेश शर्मा, सना सिटी, कौरिन भाटा, जिला राजनांदगांव, भूमिका यादव पिता/पति अश्वनी यादव, आरंग, जिला राजनांदगांव, ममता विश्वकर्मा पिता/पति शरद विश्वकर्मा, कौरिन भाटा वार्ड न.-४४, जिला राजनांदगांव, गोपी चंद साहू पिता/पति स्व. सुखलाल साहू, मुडपार सुरगी, जिला राजनांदगांव, शरद कुमार अग्रवाल पिता/पति स्व. मोहन लाल जी, गोल बाज़ार डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, सरिता गोसाई पिता/पति मोहन लाल, कुम्हालोरी, जिला राजनांदगांव, रुखमणि यादव पिता/पति तरुण कुमार यादव, लखोली नाका अशोक राईस मिल, जिला राजनांदगांव, विजय कुमार हरिहारनो पिता/पति स्व. देवीलाल हरिहारनो, गांधी चौक ब्राह्मण पारा, जिला राजनांदगांव, लेखराम वर्मा पिता/पति स्व. गरीबा राम वर्मा, वार्ड न. 11 महावीर रणचंडी मंदिर के पास डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, रोहिणी बाई देवांगन पिता/पति शेखू राम देवांगन, बसंतपुर, जिला राजनांदगांव, दीपक कुमार मिश्रा पिता/पति स्व. रामधन प्रसाद मिश्रा, अर्जुनी डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, इन्द्राणी यादव पिता/पति रामू यादव, स्टेशन पारा वार्ड न.-11 राजनादगांव, जिला राजनांदगांव, कुलेश्वर दास पिता/पति उभय राम, जीवन कॉलोनी म न. 10, जिला राजनांदगांव, रविकांत चौबे पिता/पति स्व. विनोद कुमार चौबे, बसंत पुर वार्ड न.43 बंगाली चाल, जिला राजनांदगांव, दुमन लाल साहू पिता/पति गोपाल राम साहू, बिरेसर अंजोर, जिला राजनांदगांव, भूमिका सिंह राजपूत पिता/पति प्रकाश सिंह राजपूत, वार्ड -11 नया बस स्टैंड डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव,


Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

# वाहन में कर रहे थे तस्करी, 45 पेटी शराब जब्त

**खैरागढ़।** स्कार्पियों एवं स्वीफ्ट कार में मप्र निर्मित शराब को अवैध रूप से ले जाने की सूचना पर पुलिस ने वाहनों का पीछा कर पकड़ा। वाहनों से 45 पेटी मध्यप्रदेश निर्मित गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गातापार थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 9 मई को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक सफेद रंग के स्वीफ्ट कार में अवैध रूप से अत्याधिक मात्रा में मध्यप्रदेश निर्मित शराब रखकर मध्यप्रदेश के लांजी से छत्तीसगढ़ सीमा की ओर से आ रही है। सूचना पर पुलिस की संयुक्त टीम गातापार एवं घाघरा चेक पोस्ट में कड़ी नाकाबंदी कर घाघरा एवं गातापार के मध्य पेट्रोलिंग कर रही थी। इस दौरान घाघरा नाला के पास संदिग्ध अवस्था में अंधेरे में एक स्वीप्ट कार खड़ी हुई मिली। कार का चालक पुलिस पार्टी को देखकर संदिग्ध रूप से भागने लगा, जिसे पकड़ने पर अपना नाम ढालसिंह विश्वकर्मा 26 साल साकिन मुढिया मोहारा चौकी का होना बताया। मौके पर स्वीप्ट कार को चेक करने पर गाड़ी की डिक्की एवं पीछे सीट पर 12 पेटियों में 144 बोतल मध्यप्रदेश निर्मित गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब कीमती 64080 रुपए मिला, जिसे जब्त किया गया।

## जंगल में वाहन छोड़कर भागा आरोपी

प्रकरण के कार्रवाई के दौरान ही पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि मध्यप्रदेश की ओर से एक सफेद रंग के स्कार्पियों में मध्यप्रदेश निर्मित शराब भारी मात्रा में परिवहन छत्तीसगढ़ की ओर किया जा रहा है, सूचना पर थाना के सामने नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक सफेद रंग स्कार्पियों वाहन पुलिस नाकाबंदी को देखकर कुछ दूर पहले गाड़ी मोड़कर मध्यप्रदेश की ओर भागने लगा, जिसे नाकाबंदी में उपस्थित पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया। पुलिस टीम को अपना पीछा करते देखकर उक्त वाहन का चालक वाहन को घाघरा गातापार के मध्य जंगल में कटेमा जाने के कच्ची रास्ते में ले गया। पुलिस टीम द्वारा उस रास्ते में भी पीछा करते देखकर उक्त वाहन का चालक वाहन को घने जंगल के मध्य में वाहन को छोड़कर फरार हो गया। चेक करने पर वाहन के पीछे सीट एवं डिक्की में काले रंग के कपड़ों से ढंका कुल 33 पेटी मध्यप्रदेश निर्मित गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब मिला। जिसके 30 पेटियों में प्रत्येक में 50 नग पौवा कीमती 165000 रुपए एवं 3 पेटियों में सभी पेटियों 12 नग कुल 36 नग शराब कीमती 19620 रुपए मिलने पर पुलिस ने शराब एवं वाहन को जब्त कर कार्रवाई की। फरार आरोपी एवं शराब तस्करी में लिप्त आरोपियों का पता तलाश पुलिस द्वारा सरगर्मी से जारी है।

# नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपी गिरफ्तार

**साल्हेवारा।** एक नाबालिग से छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार साल्हेवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत नाबालिग प्रार्थिया ने 8 मई को लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 मई को पीड़िता अपने पिता एवं छोटी बहन के साथ साप्ताहिक बाजार रामपुर गई थी। उसी दौरान शाम करीब 5 बजे रामपुर बाजार में आरोपी उमेश मात्रे ने बदनाम करने की नियत से पीड़िता से छेड़खानी किया है। रिपोर्ट पर थाना साल्हेवारा में धारा 354, 509 भादस 8 पाक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी उमेश उर्फ पप्पू मात्रे 20 वर्ष निवासी रामपुर थाना साल्हेवारा जिला केसीजी को हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ किया गया। आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया। तत्पश्चात आरोपी उमेश मात्रे को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

# करमतरा स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ 10वीं में 88 तो 12वीं में 83 .60 फीसदी उत्तीर्ण

हर बार की तरह इस बार भी शासकीय किसान उच्चतर माध्यमिक शाला करमतरा का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। कक्षा 10वीं में 88 तो कक्षा 12वीं में 83.60 फीसदी परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त की है।

संस्था प्राचार्य राजेश शर्मा ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते कहा कि किन्हीं कारणों से बोर्ड की परीक्षाओं में विफल कुछ परीक्षार्थी बहुत जल्दी टूट जाते हैं और गलत कदम उठाने की सोचते हैं जो कतई उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि असफलता को इजाजत दें कि वो आपको बड़ा कुछ सिखाए, क्योंकि प्रत्येक सूर्यास्त के बाद एक बहुत बड़ा सूर्योदय जरूर होता है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने गुरुवार को 10वीं व 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। संस्था के बोर्ड प्रभारी किसन सिंह सोरी ने बताया कि सत्र 2023-24 में इस संस्था में कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 42 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया था। जिनमें से 20 प्रथम, 16 द्वितीय व 01 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 3 को इस परीक्षा में असफलता मिली। जबकि 2 परीक्षार्थियों को पूरक की पात्रता मिली है। इस तरह कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 88 फीसदी रहा। स्कूल के परिणाम अनुसार चेतन कुमार (91.16) प्रथम, देविका (89.50) द्वितीय व डाकेश कुमार (89) तृतीय स्थान पर रहे। बोर्ड द्वारा घोषित परिणाम के अनुसार कक्षा 12वीं में करमतरा स्कूल का परिणाम 83.60 फीसदी रहा है। इस सत्र में 12वीं में कुल 61 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 20 प्रथम, 31 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। 10 को पूरक की पात्रता मिली है। कला संकाय में सरिता ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, वाणिज्य में मोनिका (78.60) द्वितीय व गणित में चेमन कुमार (76.40) पर रहे।



# चुलमाटी से लेकर बारात परघौनी, अक्ती पर बच्चे रचाएंगे गुड्डा-गुडिया का विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अक्षय तृतीय अक्ती पर्व को लेकर अंचल में हर्षोल्लास एवं उत्साह का माहौल है। इस मौके पर घर-घर में पारंपरिक रूप से मिट्टी के बने गुड्डा-गुडिया का विवाह रचाया जाएगा। दिनभर चुलमाटी, बारात एवं टिकावन का माहौल बना रहेगा। जिसकी व्यापक तैयारियां की जा रही है। ज्ञात हो कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव के दिन का अक्षय तृतीया माना गया है। अक्षय तृतीया अक्ती पर्व को लोग पारंपरिक रूप से श्रद्धाभक्ति एवं उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं। कल 10 मई को इस पर्व के दौरान अंचल में घर-घर में मिट्टी के बने गुड्डा-गुडिया का विवाह रचाया जाएगा, जिसे लेकर बच्चों के बीच काफी उत्साह का माहौल है और उन्होंने इस आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां भी की है।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव की रहेगी धूम

### बाजे-गाजे और टिकावन का होगा माहौल

कल अक्षय तृतीया पर दिनभर बच्चे एवं उनके परिजन गुड्डा-गुडिया का विवाह रचाने व्यस्त रहेंगे। इस दौरान चुलमाटी से लेकर बारात परघौनी, टिकावन, बाजे-गाजे का माहौल भी रहेगा। इस पूरे आयोजन में बच्चों की जमकर सहभागिता बनी रहेगी। खासकर ग्रामीण इलाकों में इस पर्व का उत्साह देखते ही बनेगा। बड़ी संख्या में लोग अक्षय तृतीया को महामुहूर्त मानते हुए इस दिन वैवाहिक आयोजन भी करने की तैयारी में है। इधर पारंपरिक रूप से इस दिन कई लोग विविध रस्म भी करते हैं। जिसकी तैयारी की गई है।



### निकली बाइक रैली

इधर भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर शहर में सर्व ब्राम्हण समाज द्वारा गुरुवार को बाईक रैली का आयोजन किया गया। बाईक रैली ब्राम्हण नवयुवक मंडल द्वारा श्री रामायण प्रचारक समिति ब्राम्हणपारा से प्रारंभ की गई। बाईक रैली में बड़ी संख्या में ब्राम्हण समाज के लोगों की उपस्थिति रही। इस दौरान भगवान परशुराम के जयकारों की गूंज रही। कल भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की व्यापक तैयारियां की गई है।

### बच्चों के बीच जमकर गुड्डा-गुडियों की मांग

बाजार में मिट्टी के बने गुड्डा-गुडिया की दुकान विगत सप्ताहभर पहले से ही शहर सहित ग्रामीण इलाकों के बाजार में लगी हुई है, जहां से विगत तीन-चार दिनों से जमकर खरीदी भी शुरू हो गई है। खासकर आज दिनभर बच्चे अपने परिजनों के साथ बाजार में मिट्टी के बने गुड्डा-गुडिया की खरीदी करने जुटे रहे। आधुनिकता भरे गुड्डा-गुडियों की मांग सर्वाधिक रही। इसके अलावा वैवाहिक आयोजन में काम आने वाले मौर, कलश इत्यादी की मांग भी बनी रही।

## सार समाचार

### समाज सेवक संघ ने की अध्यक्षों की नियुक्ति

**राजनांदगांव।** समाज सेवक संघ की केसीजी जिले की अध्यक्ष दिव्या वर्मा ने ठेलकाडीह में ईश्वर साहू, बालोद जिले की अध्यक्ष भुनेश्वरी साहू ने अजय श्रीवास परसाडीह (सुरेगाँव) का अध्यक्ष, राजनांदगांव जिले के अध्यक्ष भीमा साहू ने ओमकार कंवर को डोंगरगढ़ तहसील एवं राजनांदगांव तहसील अध्यक्ष रेवती साहू ने खपरीखुर्द में शिवानंद मोहबिया को ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया है। इन नियुक्तियों पर अध्यक्ष संजीव सिंघल एवं प्रदेश अध्यक्ष नैमिन देशमुख ने प्रसन्नता व्यक्त की है।



### एनसीसी कैडेट्स को पढ़ाया यातायात का पाठ

**राजनांदगांव।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर, सउनि येनलाल चन्द्राकर, आरक्षक सुकदेव साहू, रूपेन्द्र वर्मा, सोमेश सिंह द्वारा एलजीएम गायत्री विद्यापीठ स्कूल राजनांदगांव में लगभग 500 एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया गया। साथ ही वाहन चलाते समय रोड में चलने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां एवं सड़क दुर्घटना से होने वाले नुकसान एवं उनसे बचने के उपाय के बारे में बताया गया। साथ ही यातायात पुलिस राजनांदगांव की आम जनता से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें एवं सुरक्षित रहे।



### अक्षय तृतीया पर परशुराम जयंती आज



**डोंगरगढ़।** मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण समाज डोंगरगढ़ के तत्वाधान में शुक्रवार को अक्षय तृतीया के दिन भगवान् श्री परशुराम जी का जन्मउत्सव मनाया जायेगा। इस आयोजन मे भगवान् परशुराम की शोभायात्रा निकाली जायेगी, जो की महावीर मंदिर से निकल कर शहर के विभिन्न मार्ग से हो कर जयस्तंभ चौक, टॉकीज चौक, भंडारी चाल, गोल बाजार से पुनः वापस महावीर मंदिर पहुंचेगी। वहां वापस आने के बाद भगवान् परशुराम की महाआरती की जायेगी सके पश्चात भक्तो को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## निधन

### श्रीमती वनमाला उत्तलवार



**राजनांदगांव।** पूनम कालोनी निवासी श्रीमती वनमाला उत्तलवार (82 वर्ष) का आकस्मिक निधन 9 मई को सुबह 10 बजे हो गया। वे अपने पीछे तीन पुत्र मिलिंद उत्तलवार, महेश एवं अमित उत्तलवार सहित एक पुत्री मनीषा श्रीगड़ीवार का भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा कल 10 मई को सुबह 8 बजे मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

## अविभाजित जिले की मेरिट सूची जारी, विद्यार्थियों के खिले चेहरे

# बोर्ड की मेरिट सूची में आत्मानंद सरकारी स्कूलों का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी की गई कक्षा दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं की अविभाजित जिले की मेरिट सूची में आत्मानंद स्कूलों का दबदबा रहा है। तात्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई आत्मानंद स्कूलों में अच्छे शैक्षणिक माहौल को तैयार किए जाने के चलते कक्षा बारहवीं में इन स्कूलों में अध्ययनरत दस बच्चे मेरिट में आए हैं। वहीं कक्षा दसवीं में 11 बच्चों ने टॉप किया है। बोर्ड परीक्षाओं के अच्छे रिजल्ट से विद्यार्थियों के चेहरे खिल गए हैं।

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा दसवीं और बारहवीं बोर्ड की जिला स्तर पर मेरिट सूची जारी की है। राजनांदगांव, केसीजी और एमएमसी जिले की मेरिट सूची की समीक्षा की जाए तो इस बार आत्मानंद सरकारी स्कूलों का काफी दबदबा रहा है।



### बारहवीं में रिकेश देवांगन अव्वल

इसी तरह राजनांदगांव संयुक्त जिले में कक्षा बारहवीं की मेरिट सूची में रिकेश देवांगन राजनांदगांव, ओगेश कुमार भेड़ीकला, प्रगति पंसारी राजनांदगांव, सोनाली साहू सुंदरा, चित्रंगाना राजनांदगांव, हर्ष साहू राजनांदगांव, त्रेता साहू राजनांदगांव, भुनेश्वर देवांगन राजनांदगांव, तनिश साहू राजनांदगांव, जसविंदर राजनांदगांव, मुकेश भोलापुर, भूपेन्द्र मोहारा, पल्लवी साहू अर्जुनी, हीना यादव बोरी, धनिका ठेलकाडीह, मनीष जंघेल गंडई, खुशबू पाल छुईखदान, आकाश महोबिया छुईखदान, लक्ष्मी गंडई, गौरव तिवारी गंडई, त्रिलेश्वरी अतरिया रोड, अंकुर वर्मा ठेलकाडीह, रवीना अतरिया बाजार, विश्वमोहन अतरिया रोड, लिकेश साहू गंडई, आराधना निषाद अं. चौकी, वैजन्ती कुरेटी अं. चौकी, राधिका करियाम अं. चौकी, लोमेश्वरी अं. चौकी, झमेश पटवा खड़गांव, खुमेश्वरी सोनसायटोला, मधु चिल्हाटी, आत्मा बानो आतरगांव, दुष्यंत आतरगांव, निशा श्रीवास मोहला, धीरज निषाद अं. चौकी, श्रुति गुप्ता अं. चौकी, पूनम चिल्हाटी, विवेक कुंभकार अं. चौकी, श्रद्धा अं. चौकी शामिल हैं।

### नांदगांव जिले की मेरिट सूची में वंशिका प्रथम, जलज साहू दूसरे पायदान में

राजनांदगांव संयुक्त जिले में कक्षा दसवीं की मेरिट सूची में वंशिका साहू छुरिया राजनांदगांव, जलज साहू तुमड़ीबोड, हिमांशु डोंगरे राजनांदगांव, प्रियांश महोबिया ढ़ारा, विजय सिन्हा तुमड़ीबोड, रिषिका शेंडे राजनांदगांव, आशीष बंजारे भैंसरा, तनिशा देवांगन राजनांदगांव, खूबचंद विचारपुर नवागांव, दीपक करसल यदु तुमड़ीबोड, सांई कुमार साहू डोंगरगढ़, यशिका तारम राजनांदगांव, जानकी भोथली, उत्कर्ष जोशी खैरागढ़, झरना देवांगन ठेलकाडीह, वैभव रत्नाकर गंडई, पम्मी साहू प्रकाशपुर, छबिनारायण अतरिया बाजार, आरती साहू प्रकाशपुर, मोनालिका रजक अं. चौकी, दीपक लाल साहू छछानपहरी, स्नेहा अं. चौकी, पमिता परसाटोला, उमेन्द्र भड़सेना, वितिका देवांगन अं. चौकी, ध्रुव साहू कोरचाटोला, पायल साहू गोटाटोला, रितिमा मंडावी अं. चौकी, किरण छछानपहरी, तेजस्वी सिन्हा गोटाटोला, सागर भड़सेना, नुपूर सोनी मोहला, विनिता पिस्दे मानपुर, चंचल वर्मा खैरागढ़, माही साहू खैरागढ़, जितेन्द्र वर्मा खैरागढ़, गरिमा यदु जालबांधा, चुमनलाल जालबांधा, राहुल वर्मा खैरागढ़, डिम्पल चंदैनी, फुल्लास वर्मा खैरागढ़, भास्कर चारभांठा, हर्षिता श्रीवास्तव तुमड़ीबोड, लक्की सोनकर राजनांदगांव, तारिनी साहू राजनांदगांव, हर्ष देवांगन राजनांदगांव, पलक गजभिये राजनांदगांव, नेक साहू राजनांदगांव, स्नेहा राजपूत डोंगरगांव, साक्षी वर्मा डिलापहरी, बीना साहू राजनांदगांव, डाली राजनांदगांव, चित्रांश साहू करमरी शामिल है।

## वोरा की तरह नांदगांव से चुनाव हार रहे भूपेश : रमन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज अपने निर्वाचन जिले राजनांदगांव में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में शिरकत करने पहुंचे। इस दौरान डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव के अपने निवास कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और आमजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारो से कहा कि राजनांदगांव के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल लोकसभा का चुनाव काफी मतों से हार रहे हैं।



अपने तय कार्यक्रम के अनुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज अपने निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव विधानसभा के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राजनांदगांव में अपने निवास कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजन से मुलाकात की। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते डॉ. रमन सिंह ने हाल ही में संपन्न हुए राजनांदगांव लोकसभा चुनाव को लेकर कहा कि राजनांदगांव में भूपेश बघेल की हालत खराब, वह यहां से काफी मतों से हार रहे हैं। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल भी मोतीलाल वोरा की तरह यहां से चुनाव हार कर जाएंगे। वहीं उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर चुटकी लेते कहा कि जो छत्तीसगढ़ नहीं बचा सके, उसे रायबरेली और अमेठी भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि ठीक है, पार्टी के पास कोई कार्यकर्ता भी नहीं है।

### चुनाव में दिखी मोदी की गारंटी

वहीं छत्तीसगढ़ की लोकसभा सीटों को लेकर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब हमारी सरकार नहीं थी और हम महज 15 विधानसभा सीटों पर थे तो भी यहां की 9 लोकसभा सीट जीते थे। इस बार हमारे 54 से ज्यादा विधायक हैं, भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, मोदी गारंटी पर काम काफी तेजी से हो रहा है। जिसकी वजह से हम यहां से पूरे 11 सीटें जीतेंगे। वहीं देश में लोकसभा चुनाव के रिजल्ट को लेकर कहा कि मोदी का नाम और उनकी गारंटी से 400 पार का नारा यथार्थ में बदलने वाला है।

### साहू समाज के कार्यक्रम में की शिरकत

अपने राजनांदगांव प्रवास के दौरान डॉ. रमन सिंह ने यहां ग्राम सिंघोला में आयोजित साहू समाज के प्रदेश स्तरीय मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव एवं आदर्श विवाह के आयोजन में शिरकत करते समाज के लोगों को संबोधित किया। वहीं नवविवाहित जोड़ों को अपनी शुभकामनाएं दी। वहीं इस आयोजन के लिए साहू समाज को संबोधित करते डॉ. रमन सिंह ने बधाई दी।

### लोक अदालत की तिथियों में परिवर्तन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य सेवा विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा वर्ष 2024 में आयोजित नेशनल लोक अदालत की तिथियों में परिवर्तन किया गया है। इसके अनुसार 11 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत का आयोजन अब 13 जुलाई को तथा 14 सितम्बर को आयोजित नेशनल लोक अदालत का आयोजन अब 21 सितम्बर को किया जाएगा।

## एसडीएम ऑफिस के सामने मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**मोहला।** मानपुर नगर के अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय के सामने आज सुबह एक अज्ञात व्यक्ति की सड़ी-गली लाश मिली है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर मानपुर थाना प्रभारी रविशंकर ढहरिया की टीम ने पंचनामा कर शव का विधिवत पोस्टमार्टम कराया है।

मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह मानपुर एसडीएम कार्यालय के ठीक सामने जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव सड़े-गले हालात में मिला है। बताया जा रहा है कि लाश 5-6 दिन पुरानी है। शव के नजदीक शराब की खाली पावर डिस्पोजल गिलास मिला है। वही मृत व्यक्ति के जेब में शराब का पौवा बरामद किया गया है। सूचना मिलते ही मानपुर थाना प्रभारी रविशंकर ढहरिया की टीम मौके पर पहुंचकर पोस्टमार्टम कराया है। थाना प्रभारी ने हरिभूमि को जानकारी देते बताया कि मृत व्यक्ति का शव अज्ञात है। जिसकी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के प्रारंभिक रिपोर्ट में अत्याधिक शराब सेवन के साथ-साथ तपती गर्मी के इस मौसम में मौत भूख-प्यास से होने का संकेत मिला है।



### बख्शी स्कूल में प्रवेश लाटरी के माध्यम से

**राजनांदगांव।** पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया 15 मई को प्रातः 11 बजे लाटरी के माध्यम से किया जाएगा।

### प्लेसमेंट कैम्प 13 को

**राजनांदगांव।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 13 मई को सुबह 9 बजे से फूड डिविजन मैन्युफैक्चरिंग कंपनी आईटीसी बेस्ड इन त्रिचय तमिलनाडु द्वारा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में 12वीं, आईटीआई, बीएससी उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ सम्मिलित हो सकते हैं।

# भाजपा किसान मोर्चा के आंदोलन की चेतावनी के बाद बढ़ी किसानों को कर्ज देने की लिमिट

## शासन से सहकारिता विभाग के अफसरों की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य में भाजपा सरकार के आसीन होने के बाद भी जिले के भाजपा नेताओं की सुनवाई नहीं हो पा रही है। स्थिति यह है कि भाजपा संगठन को किसानों से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की चेतावनी देनी पड़ रही है। सहकारिता पंजीयक द्वारा किसानों को कर्ज देने की लिमिट कम करने से बौखलाए भाजपा किसान मोर्चा ने जब आंदोलन की चेतावनी दी, तब कहीं जाकर अफसर ने आनन-फानन में आदेश को संशोधित किया है। किसानों को अब पूर्व सालों की तरह ही कर्ज मिल पाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार पिछले कई सालों से किसानों को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीन सोसाईटियों से कृषि कार्य के लिए प्रति एकड़ 20 हजार रुपए नगद तथा छह हजार रुपए खाद और बीज के तौर पर कर्ज प्रदाय किया जाता रहा है। इस साल सहकारिता विभाग ने एक आदेश जारी कर कर्ज देने की लिमिट को कम कर दिया गया। किसानों को खरीफ फसल के लिए पिछले एक माह से प्रति एकड़ 10 हजार 500 रुपए की राशि ही कर्ज के तौर पर दी जा रही थी। बताया जाता है कि किसानों ने जब इस मामले की शिकायत भाजपा किसान मोर्चा से की तो उन्होंने सहकारिता विभाग के पंजीयक से मुलाकात कर कर्ज की लिमिट को पूर्व की तरह ही देने कहा।

बताया जाता है कि किसानों के हित से जुड़े भाजपा नेताओं की बातों पर जब अफसरों ने अमल नहीं किया तो उन्होंने बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम से कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में भाजपा किसान मोर्चा ने साफ तौर पर उल्लेख किया है कि यदि पूर्व की भांति किसानों को कर्ज नहीं दिया गया तो वे आंदोलन करेंगे। भाजपा नेताओं द्वारा आंदोलन की चेतावनी दिए जाने के बाद जिले से लेकर राज्य के सहकारिता महकमे में ऐसी खलबली मची कि शाम को पंजीयक को शाम को संशोधित आदेश जारी करना पड़ गया। संशोधित आदेश के तहत अब किसानों को पूर्व की भांति ही कर्ज मिल पाएगा।



### सीएम से हुई शिकायत

भाजपा किसान मोर्चा ने इस मामले को लेकर सीएम विष्णुदेव साय से भी मुलाकात कर सहकारिता विभाग के अफसरों द्वारा किसानों के साथ किए जा रहे अन्याय की शिकायत की है। नेताओं का कहना है कि शासन से बिना कोई मार्गदर्शन लिए बगैर ही पंजीयक ने यह आदेश जारी कर दिया था।

### निजी बैंक का भी दिया हवाला

भाजपा किसान मोर्चा द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सोसायटियों से प्रति एकड़ 20 हजार रुपए कर्ज मिलता आया है। वहीं निजी बैकों द्वारा एकड़ में एक लाख रुपए तक कर्ज दिया जाता है। ज्ञापन में कहा गया है कि अधिकारी द्वारा किसानों के साथ अन्याय किया जा रहा है।

### सौंपा ज्ञापन

कर्ज की लिमिट कम करने से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में ज्ञापन सौंपा गया है। जानकारी मिली है कि आदेश अब संशोधित हो गया है।

- **हिरेन्द्र साहू,** अध्यक्ष, जिला भाजपा किसान मोर्चा

### आदेश संशोधित

इस मामले में सहकारिता विभाग ने आदेश को संशोधित कर दिया है। किसानों को पूर्व की भांति अब कर्ज मिलेगा।

- **सचिन सिंह बघेल**
अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक

परिहार हॉस्पिटल कवर्धा
मदर एवं चिल्ड्रन हॉस्पिटल
PARIHAR HOSPITAL
➤ स्मार्ट कार्ड से निःशुल्क ईलाज
➤ किफायती दरों में नॉर्मल व सिजेरियन डिलीवरी
➤ नवजात शिशु व बच्चों के ईलाज की आधुनिक सुविधाएं
➤ निःसन्तान दंपतियों को परामर्श, जांच व ईलाज की सुविधा
➤ सभी प्रकार की जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी (बच्चादानी, हर्निया, हाईड्रोसिल, पथरी, प्रोस्टेट व एपेंडिक्स) किफायती दरों में
सम्पर्क : 9753059148
परिहार हॉस्पिटल मिनीमाता चौक, कवर्धा

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशिः-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-35, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना
के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय राजनांदगांव में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।
उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती (ग्राहक प्रति) साथ में लावें।
उपहार प्राप्त करने का समय दोप 12 बजे से 2 बजे तक एवं शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक।
स्थान
हरिभूमि जिला कार्यालय
दुर्गा चौक, राजनांदगांव (छ.ग.)

## शैक्षणिक कार्यों के लिए विद्यार्थियों को जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र जारी करें

# कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में काम-काज की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

बुधवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर जनमेजय महोबे ने राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री महोबे ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत होनी वाली हैं। विद्यार्थियों को प्रवेश सहित अन्य शैक्षणिक कार्या के लिए जाति-निवास एवं आय प्रमाण पत्रों की आवश्यकता होती है।

जिले के किसी भी विद्यार्थियों को शैक्षणिक गतिविधियों को लिए जाति-निवास एवं आय प्रमाण पत्रों के लिए अनावश्यक ना भड़कना पड़ें, यह सुनिश्चित कर लें। इसके लिए सभी राजस्व अधिकारी एक अभियान चलाकर विद्यार्थियों का जाति-निवास सहित अन्य प्रामाण पत्र प्राथमिकता में जारी करें। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में तहसीलवार लंबित प्रकरणों कि समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को माह में एक बार तहसीलस्तर पर राजस्व काम-काम एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होने बैठक में राजस्व विभाग के काम-काज सहित आश्रम-छात्रावास, शैक्षणिक संस्थान स्कूल, आंगनबाड़ी संस्थानों को भी समय-समय पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री महोबे ने तहसीलवार समय सीमा के उपर लंबित सभी राजस्व प्रकरणां की गहन समीक्षा करते हुए शीघ्रता से निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होने नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, अविवादित प्रकरण, भू-अर्जन सहित सभी राजस्व प्रकरणा की समीक्षा करते हुए कहा कि किसी भी तहसील में अपंजीकृत प्रकरण नहीं होनी चाहिए। राजस्व से जुड़े सभी प्रकरणों को पंजीयन करें और निर्धारित तिथियों के भीतर प्राथमिकता में निराकरण की कार्यवाही करें। कलेक्टर ने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने अनुविभाग क्षेत्र के तहसील, उप तहसील, और राजस्व सर्किल कार्यालयों को भी निरीक्षण करें और एक नियमित अंतराल में अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों सहित अन्य काम-काज की समीक्षा करें।

### प्राप्त शिकायतों की गहन समीक्षा करने दिए निर्देश



कलेक्टर ने जन-शिकायतों से प्राप्त शिकायतों, मांगों और समस्याओं से जुड़ी राजस्व जन शिकायतों को तहसीलवार गहन समीक्षा की। उन्होने कहा कि राजस्व से जुड़ी छोटी-छोटी समस्याएं और शिकायतों को नियमित रूप से ग्रामीणजन आवेदन लेकर आ रहे है, जबकि उनके इस शिकायतों का निराकरण स्थानीय स्तर पर ही संभव है, लेकिन इस तरह के आवेदन जिला कार्यालय में पहुंचकर आम ग्रामीण जन परेशान हो रहे है, यह उचित नहीं है। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करते कहा कि सभी मैदानी अमले राजस्व निरीक्षण, पटवारियों को नियमित रूप से अपने मुख्यालय में रहना सुनिश्चित करे और राजस्व से जुड़ी इन सभी जनशिकायतों को शीघ्रता से दूर करने के सख्त निर्देश दिए।

# आदित्यवाहिनी भगवत्पाद आद्य शंकराचार्य का 2531 वां प्राकट्य महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

पुरीपीठाधीश्वर श्रीमद्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती महाभाग द्वारा संस्थापित आदित्य वाहिनी कवर्धा द्वारा आगामी 12 मई को शाम 6 बजे स्थानीय अटल बिहारी ऑडिटोरियम में भगवत्पाद आद्यशङ्कराचार्य के 2531वें प्राकट्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के वक्ता आमंत्रित किए गए हैं।




उक्ताशय की जानकारी देते हुए आदित्य वाहिनी जिलाध्यक्ष आशीष दुबे ने अवगत कराया कि सर्वप्रथम भगवान आदि शंकराचार्य का विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन होगा जिसके बाद आमंत्रित वक्ताओं द्वारा भगवान आदि शंकराचार्य की जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा। मुख्य वक्ता के रूप में पुरीपीठाधीश्वर श्रीमज्जगदगुरु शङ्कराचार्य के कृपापात्र शिष्य आचार्य पं झम्मन शास्त्री (कथाव्यास-व्याख्यान दिवाकर) आयेंगे तथा विशेष अतिथि के रूप में वक्तागण पं मोहन प्रसाद त्रिपाठी, विजय शर्मा तथा अवधेशनंदन श्रीवास्तव होंगे।

भगवत्पाद आद्यशंकराचार्य महाभाग ने आज से 2531 वर्ष पूर्व तात्कालीन शासनतंत्र ने जब सनातन संस्कृति को विनष्ट करने का षड्यंत्र किया तथा भारत को खंडित करने का प्रयास किया तब उस संकट काल में इस अनीति के विरूद्ध शंखनाद करते हुए अल्प समय में ही दिग्विजय यात्रा करते हुए हिन्दुओं के प्रशस्त मानबिन्दुओं की रक्षा करते हुए व्यासपीठ एवं शासनतंत्र का शोधनकर वैदिक साम्राज्य की स्थापना की। आज तीर्थ, धाम, मठ मंदिर आश्रम जो दिखाई पड़ रहे हैं वे उस समय लुप्त हो गए थे, उसे पुनः प्रतिष्ठित किया तथा भजन, संकीर्तन, कथा, सत्संग, यज्ञ, पूजन आराधना को भारत में पुनः प्रतिस्थापित किया। इसलिए समग्र हिन्दू समाज के सार्वभौम धर्मगुरु शंकराचार्य ही मान्य हैं।

उसी परंपरा में में गोवर्धनमठ पुरी के मान्य 145 वें श्रीमदजगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज कटिबद्ध होकर दिन रात तत्पर हैं। जिन्होंने आगामी साढ़े तीन वर्षों में भारतवर्ष के हिंदू राष्ट्र होने की घोषणा की है, जिसमें अब अल्प समय शेष हैं। शासनतंत्र से धर्मसंघ पीठपरिषद्, आदित्य वाहिनी आनन्द वाहिनी यह मांग करती है कि आदिगुरु शंकराचार्य का जन्मकाल 507 ईसा पूर्व घोषित करें, क्योंकि उनके जन्म काल को षड्यंत्रपूर्वक आठवीं शताब्दी का बताकर गलत इतिहास का प्रचार किया जा रहा है साथ ही नकली स्वयंभू शंकराचार्य के रूप में जो भ्रमण कर रहे हैं उनपर यथाशीघ्र कठोर कार्यवाही कर रहा उन्हें दंडित किया जाए जो कि व्यासपीठ की उज्जवल परम्परा को विकृत और दूषित करने में संलग्न हैं। इसी प्रकार संस्था ने सनातन धर्म रक्षक आदि शंकराचार्य की जयंती पर अवकाश घोषित करने की भी मांग रखी है।

## खबर संक्षेप



### कोयलारी स्कूल में दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**हरिभूमि पिपरिया।** शासकीय हाई स्कूल कोयलारी के हाई स्कूल दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें स्कूल के छात्रा तारणी चंद्राकर 88.66 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, प्राप्त किया। वहीं देविका चंद्राकर 82.66 के साथ द्वितीय तथा दुलेश्वर चंद्राकर 82.33 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं क्रमशः लीलाधर चंद्राकर चतुर्थ, विष्णु चंद्राकर पांचवें व नीतीश चंद्राकर छटवें स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 10 वीं में कुल 70 विद्यार्थी मे से 68 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिलाया जिसमें से पूरे 68 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। वहीं 32 विद्यार्थी प्रथम व 36 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण रहे। जिस पर शाला प्रभारी प्राचार्य नरेश कुमार सिन्हा सभी छात्र छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहां की इस बेहतर परिणाम के लिए स्कूल के व्याख्याता सुनील कुमार कांसकार, कीर्तन नायक, श्रीमती सोनलता मरकाम अतिथि शिक्षक कुमेश्वरी चन्द्राकर व सुजाता चन्द्राकर की मेहनत अच्छा दिशा-निर्देश व सभी विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम को बेहतर परिणाम का वजह बताया।

ज्योतिषी
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल बोड़ला तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम छ.ग.
क्रमांक /111/रा.नि.म. / 2024
बोड़ला दिनांक 09.05.2024

**सूचना**

एद्त द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार बोड़ला जिला कबीरधाम छ.ग. के ज्ञापन क्रमांक /372 /तह / रीडर/2024 बोड़ला दिनांक 01.04.2024 के परिपालन में आवेदक खिलावन राम साहू निवासी धौराभाठ तहसील बोड़ला जिला मुंगेली के पुत्र श्री छत्रपाल, संस्कार व स्व. अभिषेख पिता खिलावन के नाम पर ग्राम राम्हेपुर प.ह.नं. 29 राजस्व निरीक्षक मंडल बोड़ला तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम स्थित भूमि ख.नं. 158/22 शा.नं. 159/11 रकबा 0.049 का सीमांकन की कार्यवाही हेतु दिनांक 13.05.2024 को नियत की गई है उक्त सीमांकन में हित रखने वाले व्यक्ति, संस्था व समुदाय सीमांकन की कार्यवाही दौरान मौके में उपस्थित रहेंगे।

राजस्व निरीक्षक
बोड़ला, जिला-कबीरधाम

# कंझेटा स्कूल में तन्नू चंद्रवंशी 90 प्रतिशत के साथ प्रथम

■ अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम किया रोशन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कोलेगांव






विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा में कक्षा दसवीं व बारहवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। जिसमे कक्षा दसवीं की छात्रा तन्नू चंद्रवंशी ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ पूरे स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



वहीं तन्नू चंद्रवंशी ने अपने विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन किया। जिस पर संस्था प्राचार्य संजय वैष्णव के बताया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12वीं से छात्र छात्राएं जिसमें आरती वर्मा पिता सनत वर्मा विज्ञान संकाय में 84 प्रतिश, पूजा चंद्राकर 83 प्रतिशत, विरेंद्र निर्मलकर 83 प्रतिशत, सोनिया निषाद 80 प्रतिशत, सोनी निषाद 69 प्रतिशत, किरण गोस्वामी 69 प्रतिशत रहा।

वहीं कक्षा दसवीं से छात्रा तन्नू चंद्रवंशी 90 प्रतिशत, निधि साहू 85 प्रतिशत, वंदना साहू 83 प्रतिशत, अंजली 81 प्रतिशत, संजना साहू 76 प्रतिशत, रिंकी साहू 75 प्रतिशत, गितेश्वरी चंद्रवंशी 74 प्रतिशत, प्रतिमा 73 प्रतिशत, गंगोत्री साहू 71 प्रतिशत, भारत साहू 70 प्रतिशत के साथ अपने माता पिता के साथ स्कूल का नाम रोशन किया। जिस पर विद्यालय के शिक्षकों मोहन शर्मा, अर्जुन चंद्रवंशी, परमेश मरावी, होमेंद्र शर्मा, प्रभाकर ताम्रकार ने बधाई व शुभकामनाएं दी। वहीं परीक्षा परिणाम से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। जिसमे पारस चंद्रवंशी, भुलाऊं मंडल, रमेश गोटिया, मोहन सेठ, जगदीश साहू सहित ग्रामीणों ने उनके उज्जवल भविष्य कि कामना की।

## पीजी कॉलेज में मनाई रेड क्रॉस दिवस




**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के अग्रणी महाविद्यालय पीजी कॉलेज में रेड क्रॉस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीएस चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्व रेड क्रॉस दिवस करुणा, मानवता व एकजुटता के महत्व की याद दिलाता है। महाविद्यालय में रेड क्रॉस इकाई संचालित है, जिसमें 30 छात्र एवं 30 छात्राएं वॉलिंटियर्स के रूप में सेवारत हैं। रेड क्रॉस प्रभारी मनोविज्ञान व्याख्याता सुश्री कविता कन्नौजे के मार्गदर्शन में वॉलिंटियर्स स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत कृमि दवाओं का वितरण, रक्तदान कार्यक्रम तथा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में सक्रिय योगदान देते हैं। उपस्थित प्राध्यापकों द्वारा रेडक्रॉस के महत्व पर विचार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ ऋचा मिश्रा, दीपक देवांगन, मुकेश कांबले, नरेंद्र कुमार कुलमित्र, संतोष साहू तथा समस्त कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# पेन-कापी व किताबें छोड़ विवाह की बेड़ियों में बांध रहे परिजन

## विवाह के लिए लड़की की आयु 18 व लड़के की आयु 21 वर्ष होनी अनिवार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶|बरबसपुर

कबीरधाम जिला में बीते वर्षो में शासन प्रशासन टीम ने दर्जनों बाल विवाह रोकने की कार्यवाही की है। इनमें कई बाल-विवाह तो ऐसे मौके पर रोके गए जब बारात चौखट तक पहुंच चुकी थी। बारात चौखट से खाली हाथ लौटी, लेकिन फिर भी इस बात भी पूरी तरह इंकार नहीं किया जा सकता कि हर जगह बाल-विवाह की सूचना अफसरों तक पहुंच रही हो।

जिले में लगातार सामने आ रहे इस तरह मामले कहीं न कहीं इस बात की गवाही दे रहे हैं तो बाल-विवाह कराने की कोशिश हो रही है और कुछ मामले में शायद परिजन सफल भी हो जा रहे होंगे। विवाह के लिए लड़की की आयु 18 वर्ष और लड़के की आयु 21 वर्ष होनी चाहिए। शायद ही कोई इस बात से अब कोई अंजान होंगे। फिर भी उनके अपने ही अपने बच्चों को बाल-विवाह जैसी कुरीतियों से बचाने की बजाए उन्हें उसी आग में झोंकने से बाज नहीं आ रहे हैं। यह तो शुक्र है कि शासन प्रशासन के चलते बाल-विवाह होने से रूक जा रहे हैं नहीं तो आज भी कई बेटियां बालिका वधु बनने से नहीं बच पातीं।

### क्षेत्र में ज्यादातर वजह आर्थिक तंगी व अशिक्षा

जांच टीम के सामने ज्यादातर मामलों में यह बातें सामने आ रही है कि बाल-विवाह कराने के पीछे वजह आर्थिक तंगी और अशिक्षा है। बालिका के कम पढ़ी-लिखी होना या पढ़ाई छूट जाना, घर में ही रहना जैसे वजह सामने आ रहे हैं या फिर लड़की के पिता नहीं हैं, मां अकेली है और घर की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। कमाने वाले और कोई नहीं। घर संभाल पाने में नाकाम परिजन जितनी जल्दी बेटी के हाथ पीले हो जाए, यही सही समझते हैं।

# तेज तूफान से गोदाम भवन में लगे टीन उड़ें कोई हताहन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम धनेली में मंगलवार शाम करीब 4 बजे शहर सहित अंचल में तेज आंधी-तूफान के साथ हुई बेमौसम बारिश से ग्राम धनेली के गौठान के पास गोदाम भवन निर्माण कराया गया। जो कि मंगलवार को तेज आंधी तुफान से टीन का सेट तेज आंधी तुफान में पूरी तरह उखड़कर सड़क किनारे जा गिरा। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धनेली व राहगीरों की किस्मत अच्छी व गनीमत रहा कि इस दौरान आसपास कोई ग्रामीण व राहगीर नहीं के कारण छोटी बड़ी हादसा की आशंका व अंदाजा लगाया जा सकता है। लेकिन इस तेज आंधी-तुफान से कोई जनहानि व हताहत नहीं हुआ।



### नवागांव में संगीतमय श्रीमद्भागवत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ संपन्न

**हरिभूमि कवर्धा।** विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम नवागांव में श्रीमद् भावगत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन 26 अप्रैल को 4 मई तक आयोजित किया गया जिसमें कथा व्यास भरत बिहारी बाजपेयी द्वारा श्रीमद् भावगत महापुराण ज्ञान यज्ञ का रसपान कराया। वहीं ग्रामाचार्य सूरज प्रसाद तिवारी व परायणकर्ता भीम महाराज रहें। प्रतिदिन नवागांव सहित आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा श्रवण कर अपने जीवन को कृतार्थ किया।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

# अक्तिपर्व आज, गुड्डा-गुड़ियों का ब्याह रचाने व संस्कारों की सीख



हरिभूमि न्यूज ▶▶|पिपरिया

शहर सहित क्षेत्रों के गांव-गांव में अक्षय तृतीया को छत्तीसगढ़ में अक्ती के नाम से जाना जाता है। अक्ती पर्व मनाए जाने की तैयारियां कुम्हार महीनों पहले से शुरू कर देते है। जिस परिवार में विवाह योग्य युवक-युवती होते हैं, उनका विवाह प्रायः अक्षय तृतीया के महामुहूर्त में ही संपन्न किया जाता है। यदि युवक-युवतियों का विवाह न हो तो उस परिवार के छोटे बच्चे अपने गुड्डा-गुड़िया का विवाह रचाकर खुशियां मनाते हैं। बच्चों की खुशियों में परिवार के बड़े-बुजुर्ग भी शामिल होते हैं। यह पुतरा-पुतरी का नकली विवाह रचाने के जरिए बच्चों को छत्तीसगढ़ी संस्कृति में निभाए जाने वाले संस्कारों की जानकारी दी जाती है, ताकि बच्चे जब बड़े हो जाएं तो उन्हें पहले से संस्कारों की जानकारी हो। इन संस्कारों में तालाब से चूलमाटी लाने की रस्म, तेल, हल्दी लगाने, सिर पर मौर-मुकुट बांधने, फेरे लेने, बिदाई आदि रस्मों के बारे में सिखाया जाता है। कुम्हार के घर अभी छोटे बड़े सभी लोग पुतरा-पुतरी बेचने में लगे है, धूप की तपिश बढ़ने के साथ अब देसी फ्रिज यानी मटके, सुराही की मांग बढ़ने लगी है। गर्मी बढ़ते देख मिट्टी के बर्तन की मांग भी बहुत बढ़ गया है जिसे देख मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हारों के चेहरे भी खिल उठे हैं।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएं जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टॉसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयां कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**परिणाम:** दोनों ही कक्षाओं में 3369 परिक्षार्थी नहीं कर पाए परीक्षा उत्तीर्ण

# दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में बालिकाओं ने लहराया परचम


हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर ने गुरूवार को शिक्षा सत्र 2024 में आयोजित बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए। दोनो ही परीक्षा के परिणामों को लेकर परक्षिार्थियों में खासा उत्साह देखा गया वहीं यह उत्साह जिले की कक्षा दसवीं तथा बारहवीं की छात्राओं के टॉप टेन सूची में आने से और ज्यादा बढ़ गया। हांलाकि दोनो ही कक्षाओं में कई विद्यार्थियों को निराशा भी हांथ लगी है और वे परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाए है।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा जारी कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणामों की बात की जाए तो इस वर्ष जिले में कक्षा दसवीं की परीक्षा के लिए कुल 12340 परिक्षार्थियों ने आवेदन किया था। जिसमें 5549 बालक तथा 6791 बालिकाएं शामिल थी। वहीं परीक्षा में 5458 बालक तथा 6757 बालिकाएं शामिल हुए थे। जिनमें से गुरूवार को माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने 5457 बालकों तथा 6757 बालिकाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए हैं। घोषित परीक्षा परणिामों में 1499 बालकों ने तथा 2376 बालिकाओं ने प्रथम श्रेणी में कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की है।

इसी प्रकार 2125 बालकों तथा 2669 बालिकाओं ने द्वितीय, 357 बालकों तथा 248 बालिकाओं ने तृतीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने 220 बालकों तथा 291 बालिकाओं को पूरक की पात्रता दी है वहीं 1256 बालकों तथा 1173 बालिकाओं को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है। कुल मिलाकर कक्षा दसवीं में जिले के 75.92 प्रतिशत परिक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफलता हांसिल की है। जिसमें 72.95 प्रतिशत बालक तथा 78.33 प्रतिशत बालिकाएं शामिल हैं।

## कक्षा बारहवीं की रिफा और दसवीं की यमुना बनी टॉपर



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणाम में कबीरधाम जिले के 02 विद्यार्थियों ने टॉप-10 में स्थान प्राप्त कर बाजी मारी है। कक्षा बारहवीं के 02 विद्यार्थी ने नौवा स्थान बनाकर प्रदेश में कबीरधाम जिले का नाम रौशन किया है। कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाकर प्रदेश में कबीरधाम जिले का नाम रौशन करने वाले विद्यार्थियों को कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल बो?ला की छात्रा यमुना ने जिले में सर्वोच्चतम 95.20 प्रतिशत हासिल कर प्रदेश के टॉप टेन सूची में नौवा स्थान पर अपना मुकाम बनाया है। वहीं स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल कवर्धा की छात्रा रिफा जावेरी ने 95.20 प्रतिशत प्राप्त कर टॉप टेन सूची में 09 स्थान पर अपना मुकाम बनाया है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिले के विद्यार्थियों की सफलता पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने कहा कि कबीरधाम हायर सेकेण्डरी की परीक्षा परिणाम में जिले के 02 विद्यार्थियों ने टॉप-10 में जगह बनाकर जिले को गौरवान्वित किया है। उन्होंने जिले के सभी सफल विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अनुत्तीर्ण हुए छात्रों के लिए भी संदेश जारी किया है। उन्होने कहा कि अपने लक्ष्य को पाने के लिए कड़ी मेहनत करें, असफल होने पर निराश नही होना चाहिए, पुनः प्रयास करना चाहिए। हार नहीं मानना चाहिए। कड़ी परिश्रम और सच्चे लगन से पढ़ाई करेंगे और शिक्षकों के द्वारा दिए गए मार्गदर्शन पर चलेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। परीक्षा परिणामों से किसी भी विद्यार्थियों को हताशा एवं निराशा नहीं होनी चाहिए।

## 12वीं में 78.09% विद्यार्थियों ने की परीक्षा उत्तीर्ण

इसी प्रकार कक्षा बारहवीं में जिले से कुल 8919 ने आवेदन किया था जिसमें जिसमें 4034 बालक तथा 4885 बालिकाएं शामिल थी। वहीं परीक्षा में 3986 बालक तथा 4874 बालिकाएं शामिल हुए थे। जिनमें से गुरूवार को माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने 3986 बालकों तथा 4574 बालिकाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए हैं। घोषित परीक्षा परणिामों में 1079 बालकों ने तथा 1755 बालिकाओं ने प्रथम श्रेणी में कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसी प्रकार 1740 बालकों तथा 2274 बालिकाओं ने द्वितीय, 294 बालकों तथा 153 बालिकाओं ने तृतीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने 343 बालकों तथा 282 बालिकाओं को पूरक की पात्रता दी है वहीं 530 बालकों तथा 410 बालिकाओं को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है। कुल मिलाकर कक्षा बारहवीं में जिले के 78.09 प्रतिशत परिक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफलता हांसिल की है। जिसमें 85.60 प्रतिशत बालक तथा 82.33 प्रतिशत बालिकाएं शामिल हैं।

# महिला की हत्या का आरोपी गिरफ्तार



■ गांव के नाले में पड़ा मिला था महिला का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कुकदुर पुलिस ने हत्या के मामले में एक ग्रामीण को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 7 मई को कुकदुर पुलिस को इस बात की सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम धीरपानी कांदवानी के डुमर नाला में गांव की बैगीन बाई पति छत्तू सिंह बैगा आयु 60 साल का शव मृत अवस्था में पड़ा है। जिसके सिर में गंभीर चोट के निशान है तथा खून निकला हुआ है। इस सूचना पर रिपोर्ट दर्ज कर सूचना तस्दीक एवं आवश्यक कार्यवाही के लिए पुलिस विभाग के आला अधिकारियों के नेतृत्व में संयुक्त टीम तैया की गई और ग्राम छीरपानी कांदावानी पहुंचकर सूचना तस्दीक पर डुमर नाला झिरिया से बैगीन बाई पति छत्तू सिंह बैगा का शव बरामद किया। शव के दाहिने माथे के पास सिर में गंभीर चोट का निशान खून बहा हुआ था। पुलिस ने सूचनाकर्ता बैसाखू राम बैगा पिता छत्तू सिंह बैगा निवासी छीरपानी कांदाबानी की रिपोर्ट पर देहाती मर्ग कायम कर विधिवत सम्पूर्ण कार्यवाही की गई तथा मृतिका के शव का पीएम कराया गया। सम्पूर्ण जांच पर आरोपी ननकू राम बैगा पिता फागूराम बैगा निवासी ग्राम छौरपानी कांदावानी द्वारा पत्नी को साथ लेजाने से विरोध करने की बात को लेकर मौका पाकर 7 मई की शाम 04.00 बजे जिस समय बैगीन बाई डुमर नाला में बर्तन साफ कर रही थी तभी आरोनी ननकू द्वारा उसके सिर को पत्थर से मारकर हत्या कर दी। इस खुलासे के बाद पुलिस ने आरोपी ठिकाने में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेज दिया।

## खबर संक्षेप

### बाल विवाह पर प्रशासन की होगी नजर

**कवर्धा।** कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि 10 मई को अक्षय तृतीया पर्व मनाया जाएगा। इस दिन जिले में अधिक विवाह होंगे। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी को बाल विवाह रोकने के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, रोजगार सहायक, सचिव से संपर्क में रहकर गांव में होने वाले बाल विवाह पर निगरानी रखेंगे। किसी भी गांव में सूचना मिलने पर इसके लिए गठित टीम वहां पहुंचकर बाल विवाह रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। यहां बताना लाजिमी होगा कि अक्षय तृतिया पर जिले के कई ग्रामीण और वनांचलों में बाल विवाह की सभावना बनी रहती है।

### देवरी स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला देवरी संकुल मरका में 30 अप्रैल को बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 1 ली में दिप्ती, 2री में शुभम, 3री में गौरी, 4थी में भूपेन्द्र, 5वीं में हिना प्रथम स्थान हासिल किया। प्रधानपाठिका हेमलता शर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्था स्टाफ उपस्थित थे।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण आज से प्रारंभ

**कवर्धा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी खिलाड़ियों को 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण वर्ष 2024-25 अंतर्गत 10 से 31 मई 2024 तक किया जा रहा है। कबीरधाम जिले के चारों विकासखण्ड में प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें हॉकी, व्हॉलीबॉल, बेसबॉल, साफ्टबॉल कराते, बॉल बैडमिंटन, हैण्डबॉल, खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन खेल को सम्मिलित किया गया है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में बालक, बालिका सभी वर्ग के खिलाड़्यों को प्रशिक्षकों द्वारा प्रातः 6 बजे से 7.30 बजे एवं शाम को 6 से 8 बजे तक खिलाड़ियों को प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। यहां बताना लाजिमी होगा कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा हर साल बच्चों की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए ग्रीष्मकालीन खेल का प्रशिक्षण दिया जाता है। जिसमें स्कूली बच्चे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं।



# गौ रक्षा दल ने मवेशियों से भरा ट्रक पकड़ा

## 22 नग भैंस जब्त, चालक व परिचालक फरार

■ जिले के थाना क्षेत्रों से होते हुए लगातार जारी है मवेशी तस्करी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से होकर मवेशी तस्करी धड़ल्ले से की जा रही है। लेकिन पुलिस प्रशासन इन मवेशी तस्करों को अपने बूते पकड़ पाने में अक्षम साबित हो रहे हैं। जिले में ज्यादातर मवेशी तस्करों में पकडऩे और उन्हें पुलिस के हवाले करने में विभिन्न हिन्दू संगठनो और छत्तीसगढ़ गौ रक्षा दल के कार्यकर्ता व पदाधिकारी ही अपना योगदान दे रहे हैं।

ऐसा ही मामला एक बार फिर सामने आया है जिसमें छत्तीसगढ़ गौ रक्षा दल ने मवेशियों से भरे एक ट्रक को पकडऩे में सफलता हांसिल की है हालांकि रात में अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए जिनकी तलाश अब पुलिस कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की रात छत्तीसगढ़ गौ रक्षा दल के सदस्यों को इस बात की जानकारी मिली की कुछ मवेशी तस्करों द्वारा ट्रक में भरकर मवेशियों को पंडरिया-बजाग के रास्ते मध्यप्रदेश ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर छत्तीसगढ़ गौ रक्षा दल के सदस्यों ने संबंधित वाहन के नम्बर के आधार पर मवेशियों से भरे ट्रक का पीछा करते हुए उसे जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र में दबोच लिया। लेकिन दौरान वाहन का चालक और परिचालक रात में अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। बाद में छत्तीसगढ़ गौ रक्षा दल ने इस बात की सूचना कुकदुर पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन से 22 नग भैंस बरामद किए है।

वहीं अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अब उनकी तलाश की जा रही है। इस सराहनीय कार्य में छत्तीसगढ़ गौ रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष मनोज जंघेल, हरि साहू, गोविंद साहू, हरीश चौहान, नितेश सोनी, आकाश यादव, शुभम भाई, सोनू निषाद, नरेंद्र यादव, पप्पू साहू, जस्सू साहू, बंटी शर्मा, मयंक पांडे, दादू, सूरज निषाद, मनीष सेन, कैलाश निषाद, राजा ध्रुव, मनोज साहू, सागर साहू, ज्वाला साहू आदि ने अपना योगदान निभाया है।

# महुआ शराब बेंचते दो गिरफ्तार, 18 बल्क लीटर शराब जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया



पंडरिया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बिझौरी में कन्हैया मरावी एंव ग्राम भरेवापारा में मनीराम जोशी अवैध रूप से हांथ भट्टी से बनी कच्ची महुआ शराब को अपने कब्जे में रख कर बिक्री कर रहे हैं।

इस सूचना के आधार पर थाना प्रभारी पण्डरिया के निर्देश में तत्काल अलग-अलग टीम रेड कार्यवाही हेतु रवाना की गई और मुखबिर के बताए स्थान पर दबिस देकर आरोपी कन्हैया मरावी पिता रमऊ मरावी आयु 28 साल निवासी बिझौरी थाना पंडरिया जिला कबीरधाम को दबोच कर उसके कब्जे से 10 बल्क लीटर हाथ भट्टी से बनी कच्ची महुआ शराब कीमती रकम 1000 रूपए जव्त की।

आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार पुलिस टीम ने आरोपी मनीराम जोशी पिता स्व. भुलऊ राम आयु 63 साल निवासी भरेवापारा थाना पंडरिया जिला कबीरधाम को पकड़कर उसके कब्जे से 08 बल्क लीटर हाथ भट्टी से बनी कच्ची महुआ शराब एवं शराब बिक्री से प्राप्त दो सौ रूपए कुल जुमला 1000 रूपए बरामद कर आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

## 13 पौवा अवैध शराब जप्त, सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने वालों पर कार्यवाही

इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में आरोपी ज्ञान निषाद पिता रामकुमार निषाद आयु 47 साल निवासी देवपुरा थाना पंडरिया जिला कबीरधाम को पकडा गया, आरोपी के कब्जे से 13 पौवा देशी प्लेन मदिरा के साथ कीमती 1170 रूपए एवं बिक्री रकम 200 रूपए कुल जुमला कीमती 1370 रूपए बरामद कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। दो अन्य प्रकरणो में सार्वजनिक स्थलो पर शराब का सेवन करते पाये जाने पर आरोपी रमऊ मरावी पिता बोर्रा मरावी आयु 65 साल निवासी बिझौरी थाना पंडरियसा जिला कबीरधाम, विनोद साहू पिता सीताराम साहू आयु 32 साल निवासी नगौई थाना तखतपुर जिला बिलासपुर के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक पंचराम वर्मा, प्रधान आरक्षक राजकुमार कुशवाहा, राजेश्वर कोसरिया, आरक्षक-द्वारिका चंद्रवंशी, प्रभाकर बन्छोर,शैलन्द्र राजपुत, राजू चंद्रवंशी, ईश्वर चंद्रवंशी, महिला आरक्षक रतनी मरावी का सराहनीय योगदान रहा है।

# स्वामी आत्मानंद में 15 को लॉटरी से चयन प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में 15 मई को बकायदा लाटरी पद्धति से विभिन्न कक्षाओं में विद्यार्थियों के दाखिले की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कवर्धा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कचहरीपारा कवर्धा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पिपरिया, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बोड़ला, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पोडी, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चिल्फी, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय स. लोहारा एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पंडरिया में ऑनलाईन, ऑफलाईन के माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री साहू ने बताया कि बच्चो के प्रवेश के लिए ऑफलाईन लॉटरी के माध्यम से 15 मई 2024 को दोपहर 12 बजे संबंधित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में प्रबंधन समिति के सदस्यां, कलेक्टर प्रतिनिधि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में चयन प्रकिया पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया में पालकगण उपस्थित रह सकते है।

# छिरहा स्कूल में दसवीं के 81 प्रतिशत विद्यार्थी सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में जिले के कवर्धा विकासखण्ड के अंतर्गत राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत संचालित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के 81.08 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त किया है।

संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि विद्यालय से परीक्षा में प्रविष्ट 74 में से 60 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे हैं, जिसमें 20 विद्यार्थी प्रथम एवं 38 विद्यार्थी द्वितीय एवं दो विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से सफल हुए हैं। दामनी जायसवाल ने 91.66 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम, अर्चना साहू ने 79.83 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा मधु योगी ने 79 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने आगे बताया कि छिरहा में दसवीं का परीक्षा परिणाम प्रदेश के औसत 75.61 से 5.47 प्रतिशत एवं जिले के औसत 75.92 से 5.16 प्रतिशत ऊपर रहा है। विद्यालय के परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यार्थियों व पालकों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव एवं पालकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दिया है।

**अक्षय तृतिया पर्व को लेकर बड़ों के साथ बच्चों में भी भारी उत्साह**

# अंचल में बच्चे आज रचायेंगे गुड्डे-गुडियों का ब्याह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ की संस्कृति में शामिल विभिन्न पर्वो में से एक अक्षय तृतीया को लेकर इस बार भी लोगों में खासा उत्चाह देखा जा रहा है। पर्व के मौके पर जहां एक तरफ लोग अपने बेटा-बेटियों का विवाह सम्पन्न कराने में जुटे हुए हैं वहीं दूसरी तरफ बच्चे ने भी अपने गुड्डे-गुड़िया की शादी धूमधाम से रचाने सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

अक्ती का पर्व शुक्रवार को यानि 10 मई को पूरे अंचल में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। गौरतलब है कि गर्मी की छुट्टी होने के बाद बच्चों के सबसे प्रिय त्यौहार अक्षय तृतीया या अक्ती में बच्चों के लिए गुड्डे-गुड़ियों की शादी का खेल सबसे रोचक है। यहां बताना लाजमी होगा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति में हर त्यौहार विशेष महत्व रखता है। इनके पीछे जहां एक ओर कुछ धार्मिक और लोक मान्यताएं होती हैं वहीं दूसरी ओर कुछ पर्व मनोरंजक भी है। अक्ती के दिन बच्चों द्वारा गुड्डा-गुड़िया की शादी का खेल खेलना भी उसी विशिष्ट परम्परा का हिस्सा है, जिससे पर्व निखर उठते हैं। बैसाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया यानी अक्ती के मौके पर



गुड्डे-गुड़िया का यह खेल किसी भी पर्व से संबंधित एकमात्र ऐसा लोक खेल है, जिसमें केवल बच्चे सम्मिलित होते हैं। जिसमें लकडियां रस्म निभाती है और लड़के बाजा बजाते हैं। इस खेल में पुतरा-पुतरी, वर-वधु के प्रतीक होते हैं और ये दोनों ही मिट्टी की बनी होती है। अक्षय तृतीय के पहले से ही कुम्हारों द्वारा मिट्टी के बर्तनों के साथ ही मिट्टी के गुड्डे-गुड़िया भी बनाए जाते हैं। मिट्टी से बने इन खिलौनों को रंग-रोगन कर बाजार में बेचा जाता है। अक्ती के पहले ही कुम्हार इनका निर्माण कर गांव-गांव पहुंच जाते हैं। जिनके घर बच्चे होते हैं वे तो अनिवार्य रूप से पुतरा-पुतरी खरीदते हैं। यदि दो घर के बच्चे इसे सम्मिलित रूप से खेल रहे हों तो एक घर में पुतरा को और दूसरे घर में पुतरी को रखा जाता है। इसके बाद छोटा सा मड़वा तैयार किया जाता है और चूलमाटी, तेलमाटी, बारात का प्रदर्शन करते हुए बच्चे सूपा, चन्नी, टीपा और थाली को लकड़ी से बजाकर बाजा की आवश्यकता को पूरा करते हैं। अक्ती का दिन इस खेल का अंतिम दिन होता है। पाणिग्रहण करने के साथ घर के अन्य सदस्य टिकावन में रूपए-पैसे देते हैं। इस खेल से बच्चे अपना मनोरंजन करते हैं साथ ही यदि पैसा शेष बचता है तो, उसे आपस में बांट भी लेते हैं। पुतरा-पुतरी के बिहाव के जरिए विवाह की परम्परा को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया जाता है। कुछ इसी अंदाज में अपने गुड्डा गुडिया का विवाह रचाने उत्साही बच्चों ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

# मेवाड के 13 वें राजा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मनाई गई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



राजपूत क्षत्रिय समाज 3738 द्वारा गुरूवार को सुधा वाटिका परिसर में महाराणा प्रताप के प्रतिमा पर पूजा-अर्चना, पुष्पहार पहनाकर मेवाड के 13 वें राजा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। अंग्रेजी कैलेंडर अनुसार हर साल महाराणा प्रताप की जयंती 9 मई को मनाई जती है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए। राजपूत क्षत्रिय समाज के नगर अध्यक्ष चंद्रिका सिंह ठाकुर, भूपेन्द्र सिंह, पंकज सिंह, जितेन्द्र सिंह, मनोज सिंह, दुर्गेश सिंह ने संबोधित करते हुए बताया कि महाराणा प्रताप भारत के सबसे बहादूर राजपूत शासकों में एक थे, जिन्होंने लगाभग 35 वर्षो तक राजस्थान के मेवाड पर शासन किया था। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष रामसिंह ठाकुर, खुमान सिंह, विजय सिंह राजपुत, मालिक राम ठाकुर, सुनील सिंह ठाकुर, हेमलाल ठाकुर, नितेश सिंह, मोहन सिंह, अजय सिंह ठाकुर, सुमित सिंह ठाकुर, अमन ठाकुर, ध्रुव, हरि, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के परस चंद्राकर, संजय धुव्र, अभिषेक दुबे, अतुल पाण्डेय सहित राजपूत क्षत्रिय समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।